दिन–मंगलवार दिनांक– 26 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

मुख्य समाचार.......

01. उन्नीस अप्रैल को गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई में होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने के काम में आई तेजी।

02. सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत जारी।

03. उल्लास और उमंग के साथ आज भी मनाया जा रहा है रंगों का त्योहार होली। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों को शुभकामनाएं दीं।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज और अररिया जिले के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जतायी।

विस्तार से.........

———————————————————

बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण मे उन्नीस अप्रैल को गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई में होने वाले मतदान के लिए नामांकन पत्रों को भरने के काम में तेजी आ गई है। अब तक कुल दस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। इनमें छह उम्मीदवार औरंगाबाद से, तीन गया से और एक नवादा निर्वाचन क्षेत्र से हैं। जमुई सीट से अब तक किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया है। पहले चरण में इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं।

———————————————————

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत नवादा, गया, जमुई और औरंगाबाद में उन्नीस अप्रील को होने वाले मतदान को लेकर हलचल बढ़ गई है। भाजपा के सुशील कुमार सिंह औरंगाबाद सीट से अपना नामांकन दाखिल कर चुके है। नवादा से विवेक ठाकुर को बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने गया सीट से पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी को उम्मीदवार बनाया है। जमूई सीट से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने अरूण भारती को प्रत्याशी बनाया है। इधर, राजद ने गया से कुमार सर्वजीत, औरंगाबाद से अभय

कुशवाहा, जमुई से अर्चना रविदास और नवादा से श्रवण कुशवाहा को टिकट दिया है। श्रवण कुशवाहा ने अपना नामांकन भर दिया है। कांग्रेस की परम्परागत सीट होने के कारण औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र को लेकर राजद और कांग्रेस के बीच मतभेद बढ गए हैं।

————————————————————

इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद और कांग्रेष के शीर्ष नेताओं के बीच बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। नई दिल्ली में कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर इस संबंध में बैठक हो रही है। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के.सी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव शामिल है। महागठबंधन में सीटों के बंटवारे के समझौते को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिये जाने से इसके घटक दलों के नेता असहज महसूस कर रहे हैं। राज्य में लोकसभा के पहले चरण के लिए नामांकन पत्र भरने की समयसीमा खत्म होने में अड़तालीस घंटे से भी कम समय बचा है।

———बाईट———

बिहार में सीटों के बंटवारे पर आधिकारिक रुप से फैसला नहीं होने से महागठबंधन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। महागठबंधन में सहयोगी दलों के बिना सहमति के राष्ट्रीय जनता दल की ओर उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्व बांटे जाने से टकराव की स्थिति और बढ गयी है। इस बीच नवादा संसदीय क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी श्रवण कुमार कुशवाहा ने कल अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत को गया लोक सभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाते हुए चुनाव चिह्न आवंटित किया है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने 10 से अधिक प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये हैं। इसमें पहले चरण की जमुई सीट से अर्चना रविदास और औरंगाबाद सीट से अभय कुशवाहा के नाम भी शामिल है। इधर, पूर्णिया लोक सभा सीट को लेकर भी विवाद उत्पन्न हो गया है। इस सीट से राजद पूर्व मंत्री और जदयू छोड कर आयी बीमा भारती को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रहा है। वहीं कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने भी पूर्णिया सीट से उम्मीदवार के रुप में अपनी दावेदारी पेश की है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना

————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी एनडीए को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। श्री पासवान ने पटना में होली समारोह के बाद दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद एनडीए के घटक दल शानदार जीत पर दोबारा होली की खुशियां मनायेंगे।

———बाईट———

इधर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के समस्तीपुर से सांसद प्रिंस राज ने आज भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि एनडीए के सीट बंटवारे में पार्टी को बिहार से कोई सीट नहीं मिली है।

————————————————————

चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है।

———बाईट———

लोकसभा चुनावों में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में सी–विजिल ऐप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मोबाईल ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन जैसे धनराशि या शराब बांटने संबंधी सूचना मिनटों में कर सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि यह सी–विजिल ऐप नागरिकों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है और सौ मिनट के अंदर कार्यवाही का आश्वासन भी देता है। यह सी–विजिल ऐप सतर्क नागरिकों को सीधे जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फ्लाइंग स्क्वाड टीम से जोडता है। इस ऐप का उपयोग करके, कोई भी नागरिक राजनीतिक कदाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट चुनाव आयोग को कर सकता है और इसके लिये उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक अपनी शिकायत पर हुई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग अपने आदर्श वाक्य कोई मतदाता पीछे न छूटे पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हर समय सुलभ मतदान के लिए कार्य कर रहा है। इस अभियान पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

———बाईट———

चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और 40 प्रतिशत विकलांगता वाले दिव्यांगजन घर से मतदान कर सकते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्रों पर स्वयंसेवक और व्हील चेयर उपलब्ध रहेंगे। आयोग दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए परिवहन सुविधा की भी व्यवस्था कर रहा है। आयोग ने दिव्यांगजनों के लिए सक्षम मोबाइल ऐप शुरू किया है। दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, केवल महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र और मॉडल मतदान केंद्र भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में भी होंगे। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार।

————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे बांका लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

बांका लोकसभा सीट के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है, जिसमें इस बार 15 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपना सांसद चुनेंगे। बांका के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि चुनाव को पूरी तरह से भयमुक्त और निष्पक्ष संपन्न कराने के जिला प्रशासन की टीम जुट गई है।

———डीएम–

बांका जिले में आठ सौ से अधिक संवदेनशील और लगभग दो सौ नक्सल प्रभावित बूथ हैं जहां निगरानी के लिए विशेष रुप से तैयारी की जा रही है। शहर के पीबीएस कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय को डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। इधर, आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के बीच मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। युवा मतदाताओं के बीच भी मतदान करने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

———नव मतदाता———

इधर, जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए जिला प्रशासन जुटा हुआ है। पुलिस विशेष अभियान चलाकर वांछित अपराधियों की धर–पकड़ कर रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए बांका से बिदु शेखर

————————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों में रंगो का त्योहार होली आज भी उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक–10 सें

यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली का त्योहार समानता और भाई–चारे का संदेश देता है। राज्य के कई हिस्सों में होली कल भी मनायी गयी।

———बाईट———

लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पूरा प्रदेश होली के राग और फाग के खुमार में डूब गया है। जिला मुख्यालयों से लेकर गांवों के चौपाल तक होली के रंगों की छटा बिखर रही है। होली के मौके पर विशेष रूप से गाया जाने वाला फाग गीत वातावरण में विशेष उत्साह भर रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि पूरा माहौल होलीमय हो गया है। सुबह में लोग रंग और मिट्टी से होली खेलकर दोपहर बाद से अबीर–गुलाल के साथ होली खेल रहे हैं और एक–दूसरे को होली की बधाई दे रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं रजनी कान्त चौधरी।

————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है, जो जीवन में उत्साह और उम्मीद लाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई  कि होली, सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और शांति का संदेश देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि असत्य, अहंकार और पाखंड पर सत्य के विजय पर्व के रूप में होली का त्योहार मनाया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र

ठाकुर, विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागो में मौसम में बदलाव हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हिमालय के तराई के समीप के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई वहीं, शेष भागों मे आशिंक बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के पटेल ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज और अररिया जिले के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर......

01. उन्नीस अप्रैल को गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई  में होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र भरने के काम में आई तेजी।
02. सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत जारी।
03. उल्लास और उमंग के साथ आज भी मनाया जा रहा है रंगों का त्योहार होली। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोगों को शुभकामनाएं दीं।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज और अररिया जिले के कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जतायी।

———————————————————————

समाप्त हुआ।